Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-05-2007

Participants : Yadav Shri Devendra Prasad

>

Title: Need to check mining activities in Taj Trapezium Zone and 'Brij Parvat', Bharatpur, Rajasthan.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : महोदय, राजस्थान के भरतपुर जिलान्तर्गत डीग तथा कामा तहसील में पड़ने वाले ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व के ब्रज पर्वत "ताज ट्रेपोजियम जोन" में स्थित है। इन पर्वतों को डायनामाइट से उड़ाकर ि वनाशकारी खनन काम किया जा रहा है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक खनन तथा स्टोन क्रसिंग आदि किसी भी प्रदूाणकारी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध है। यह भी जानकारी में आया है कि केन्द्रीय प्रदूाण कन्ट्रोल बोर्ड ने वा 2005 में इन पर्वतों के अवैध प्रदूाणकारी खनन पर रोक लगाने के लिए भारत सरकार को एक रिपोर्ट दिया था। लेकिन बिना अनुमति लिए ताज ट्रेपोजियम जोन में स्थित इन पर्वतों का खनन किया जा रहा है, जिससे जहां केन्द्रीय प्रदूाण कन्ट्रोल बोर्ड के नियमों का उल्लंघन हो रहा है, वहीं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन भी किया जा रहा है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ब्रज पर्वतों को राट्रीय धरोहर घोाित करने की सहमति दी है।

उल्लेखनीय है कि कृणकालीन ब्रज पर्वतों से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। इनके खनन किए जाने से देश के करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंच रही है। ब्रज पर्वतों पर स्थित श्रीकृण लीलास्थलियों को मिटाने से बचाने के लिए कई संगठनों द्वारा सत्याग्रह तथा शांतिपूर्ण आन्दोलन भी चलाया जा रहा है। राट्र के इस ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा का दायित्व केन्द्र सरकार का है।

अतः मैं चाहूंगा कि राट्र के इस ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए केन्द्र सरकार मामले में हस्तक्षेप कर ताज ट्रेपोजियम जोन में स्थित दिव्य ब्रज पर्वतों का खनन रोकने की दिशा में पहल करें तथा ब्रज पर्वतों को राट्रीय धरोहर घोाित कर इन्हें पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाए।